साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है

सुख चैन करार मिले सब को अरदास यही है
साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है
सब के संकट हरलो बाबा सब पे रहमत करदो बाबा
जग में सत्कार मिले सब को अरदास यही है
साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है

साईं तेरे चरणों में अपना ठिकाना हो,
सब की भलाई चाहे किसी का बुरा न हो,
यही नेक विचार मिले सब को अरदास यही है
साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है

जिस का हो साथी साईं तनहा रहे वो क्यों,
सुनता हो जिसकी तू तो किसी से कहे वो क्यों,
तुम सा गम खार मिले सब को अरदास यही है
साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है

कही पे हो अनसु तो वो हसी के ख़ुशी के हो,
सब के दिलो में जज्बे सब की भली के हो,
ऐसा संसार मिले सब को,अरदास यही है
साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है

कर्मो का लेखा जोखा कर न तू प्यार से ,
जाए न निरास साहिल कोई तेरे द्वार से,
रहमत वेसुमार मिले सब को अरदास यही है
साईं तेरा प्यार मिले सब को अरदास यही है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15577/title/sai-tera-pyaar-mile-sab-ko-ardaas-yahi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |